Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 02-08-2005

Participants : Pathak Shri Brajesh

an>

Title: Need to ensure availability of foodgrains to poor people under various Centrally Sponsored Schemes in Uttar Pradesh and other parts of the country. – Laid.

श्री ब्रजेश पाठक (उन्नाव) : अध्यक्ष महोदय, देश में विशोकर उत्तर प्रदेश राज्य में गरीबों और बेरोजगारों को राहत के लिए अन्त्योदय योजना, अन्नपूर्णा योजना, छात्रों के मध्य दिवस भोजन योजना, सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना, सूखा व बाढ़ राहत से सम्बद्ध विभिन्न केन्द्रीय योजनाओं के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा आबंटित हजारों करोड़ रूपये से अधिक का गेहूं, चावल गरीब तथा जरूरतमंद लोगों में सुचारू रूप से वितरित नहीं हो पा रहा है। कई स्थानों पर काम के बदले अनाज योजना और अन्य केन्द्रीय योजनाओं का खाद्यान्न एक ही बार किए गए कार्य को कई बार दिखाने के उदाहरण प्राप्त हुए हैं।

अतः मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि केन्द्र सरकार द्वारा गरीबों के लिए बड़ी मात्रा में आबंटित केन्द्रीय खाद्यान्न के भारी दुरूपयोग को रोकने तथा देश के गरीब और जरूरतमंद लोगों को केन्द्रीय खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने हेतु कारगर कदम उठाये जाये।